# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 07522–234001 Website- www.datiamedicalcollege.com
E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com & datiamedicalcollege2018@gmail.com
पता– 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44, जिला दतिया, म.प्र. पिन नं0 475661


क्रमांक – 7269 /द.चि.म./2021 दतिया, दिनांक – 07/09/2021

## //Corrigendum//

### –: पैरामेडिकल स्टाफ भर्ती सूचना :–

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ2–06/2018/1–55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. द्वारा प्राप्त अनुसूचियों तथा मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्र. 382–87/स्था.अराज/2021, भोपाल दिनांक 09.04.2021 के अनुसार सह चिकित्सकीय संवर्ग के रिक्त पदों पर सर्व प्रथम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/शासकीय महाविद्यालयों से उत्तीर्ण उम्मीदवारों से पद पूर्ति की जाए के आधार पर, शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में सह चिकित्सकीय संवर्ग के रिक्त पदों पर म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/शासकीय महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

पूर्व में एम.पी. ऑन लाईन के माध्यम से पैरामेडीकल संवर्ग के पदों हेतु जारी किए गये विज्ञापनों में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उनके आवेदनों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जावेगा। यदि शा.चि.महा./शा.महा. से उत्तीर्ण अभ्यर्थी पदों के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं होने की दशा में अशासकीय चि.महा./अशा. महाविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

यह आवेदन उन अभ्यर्थियों के लिए जारी किया जा रहा है जिन्होंने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/शासकीय महाविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण की है व किसी कारणवश पूर्व में आवेदन नहीं कर पाए हैं वह दिनांक 18.09.2021 तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में निम्नलिखित दिए गये प्रारूप में भरकर स्पीड पोस्ट या डाक के माध्यम से जमा करा सकते हैं।

विज्ञापन एवं रिक्त पदों की जानकारी दतिया मेडिकल कॉलेज की वेबसाईट (https://www.datiamedicalcollege.com/) एवं संचालक, चिकित्सा शिक्षा भोपाल की वेबसाईट (http://www.medicaleducation.mp.gov.in/) पर भी उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया, (म.प्र.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 07522–234001
E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com & Website- www.datiamedicalcollege.com datiamedicalcollege2018@gmail.com
पता– 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44, जिला दतिया, म.प्र. पिन नं0 475661

क्रमांक – 7270 /द.चि.म./2021 दतिया, दिनांक – 07/09/2021

**//सह चिकित्सकीय संवर्ग (पैरामेडीकल स्टाफ)//**

1. मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ2–06/2018/1–55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. द्वारा प्राप्त अनुसूचियों तथा मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्र. 382–87/स्था.अराज/2021, भोपाल दिनांक 09.04.2021 के अनुसार सह चिकित्सकीय संवर्ग के रिक्त पदों पर सर्व प्रथम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/शासकीय महाविद्यालयों से उत्तीर्ण उम्मीदवारों से पद पूर्ति की जाए के आधार पर शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में सह चिकित्सकीय संवर्ग के रिक्त पदों पर म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/शासकीय महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है :– इस हेतु आवेदन पत्र कार्य दिवस में कार्यालय अधिष्ठाता/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आवक जावक शाखा, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में **दिनांक 18.09.2021** तक आमंत्रित किए जाते है। उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया म.प्र. की वेबसाईट https://www.datiamedicalcollege.com/ **पर उपलब्ध है।**
2. **दिनांक 07/09/2021 को जारी शुद्धिपत्र (Corrigendum) जोकि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की वेबसाईट पर उपलब्ध है, को अध्ययन करने के पश्चात् यदि लागू हो तो ही आवेदन करें।**
3. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय अधिष्ठाता/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के आवक जावक शाखा में जमा कराए जा सकते हैं।
4. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में चिकित्सकीय संवर्ग हेतु आवेदन एवं आवेदित पद का नाम और आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

पदों का विवरण :–

| क स | पद का नाम | कुल पद | श्रेणीवार आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु. जाति | अनु. जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित |
| 1. | स्पीच थेरापिस्ट | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 2. | फिजियोथेरापिस्ट | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 3. | रोडियोग्राफिक टैक्नीशियन/रेडियोग्राफर | 8 | 1 | 2 | 2 | 0 | 3 |
| 4. | डेन्टल टैक्नीशियन | 4 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 5. | डार्क रूम असिस्टेंट | 6 | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 |
| 6. | टीबी एण्ड चेस्ट डिसीज हेल्थ विजिटर | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 7. | लैब अटेंडेंट | 29 | 4 | 6 | 8 | 2 | 9 |
| 8. | फार्मासिस्ट ग्रेड–2 | 24 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 |
| 9. | प्रोस्थेटिक एण्ड ऑर्थोटिक टैक्नीशियन | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 10. | ई.सी.जी. टैक्नीशियन | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 11. | ऑक्यूपेशनल थेरापिस्ट | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 12. | डिसेक्शन हॉल अटेंडेंट | 4 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 13. | टैक्नीशियन असिस्टेंट | 26 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 14. | टैक्नीशियन | 32 | 5 | 6 | 9 | 3 | 9 |
| 15. | क्लीनिकल सायाकोलॉजिस्ट | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |



Scanned with CamScanner

| 16. | रिफेक्शनिस्ट | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17. | रेडियोथैरेपी टैक्नीशियन | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | कुल योग | **151** | **19** | **28** | **43** | **9** | **52** |

## 2. पदवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता –

| क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन बैन्ड+ग्रेड–पे | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता | सेवानिवृत्ति की अधिवार्षिकी आयु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्पीच थेरापिस्ट | 02 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्पीच थेरेपिस्ट टैक्नीशियन की स्नातकोत्तर / स्नातक / प्रमाण पत्र ।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 2. | फिजियोथेरापिस्ट | 02 | 9300-34800 +4200 | 18 वर्ष | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से फिजियोथेरेपी में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>2. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 3. | रेडियोग्राफिक टैक्नीशियन / रेडियोग्राफर | 08 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय मे डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण पत्र ।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 4. | डेन्टल टैक्नीशियन | 04 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिप्लोमा।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 5. | डार्क रूम असिस्टेंट | 06 | 5200-20200 +1900 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से एक्सरे टेक्नीशियन में 01 वर्ष पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 6. | टी.वी. एण्ड चैस्ट डिसीज हेल्थ विजिटर | 02 | 5200-20200 +2400 | 18 वर्ष | भारत सरकार के आर.एन.टी.सी.पी. कार्यक्रम के नार्म्स अनुसार योग्यता। | 62 वर्ष |
| 7. | लैब अटेंडेंट | 29 | 4440-7440 +1300 | 18 वर्ष | बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स विषय सहित (10+2) शिक्षा पद्धति में 12 वी परीक्षा उत्तीर्ण। | 62 वर्ष |
| 8. | फार्मासिस्ट ग्रेड–2 | 24 | 5200-20200 +2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, (10+2) प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. भेषजज्ञ (फार्मासिस्ट) का डिग्री / डिप्लोमा ।<br>3. मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल से भेषजज्ञ (फार्मासिस्ट) का जीवित पंजीयन। | 62 वर्ष |
| 9. | प्रोस्थेटिक एण्ड ऑर्थोटिक टैक्नीशियन | 02 | 5200-20200 +2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में (10+2) प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. प्रोस्थेटिक्स / आर्थोटिक टेक्नीशियन का डिप्लोमा ।<br>3. मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 10. | ई.सी.जी. टैक्नीशियन | 03 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में (10+2) प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से ई.सी.जी. टेक्नीशियन में 01 वर्ष पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 11. | ऑक्यूपेशनल थेरापिस्ट | 02 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट की डिग्री ।<br>2. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 12. | डिसेक्शन हॉल अटेंडेंट | 04 | 4440-7440 +1300 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में (10+2) प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण। | 62 वर्ष |
| 13. | टैक्नीशियन असिस्टेंट | 26 | 5200-20200 +1900 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 14. | टैक्नीशियन | 32 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |
| 15. | क्लीनिकल सायकोलॉजिस्ट | 02 | 9300-34800 +3200 | 18 वर्ष | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। | 62 वर्ष |
| 16. | रिफ्रेक्शनिस्ट | 01 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स से (10+2) प्रणाली में 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से 02 वर्ष का ऑप्टोमेट्रिस्ट का डिप्लोमा।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। | 62 वर्ष |



Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17. | रेडियोथेरेपी टैक्नीशियन | 02 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में (10+2) प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद्/ए.ई.आर.बी. का जीवित पंजीयन आवश्यक। | 62 वर्ष |

**3. वेतनमान एवं अन्य भत्ते :–**

महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते और अन्य लाभ मध्यप्रदेश शासन नियमानुसार लागू होंगे।

**4. आरक्षण :–**

I. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
II. पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है।
III. 100 बिंदु रोस्टर में 06 प्रतिशत आरक्षण शारिरिक विकलांगता (निःशक्तजन) के लिए आरक्षित हैं, जिस श्रेणी का निःशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जाएगा। ये पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है।
IV. 10 प्रतिशत का आरक्षण भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है। नियमानुसार उक्त पदों पर सैनिक अभ्यर्थियों के लिए लागू किया जाएगा।
V. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) के लिए आरक्षण प्रावधान वर्तमान में जारी राज्यस्तरीय आरक्षण रोस्टर के अनुसार लागू होंगे।
VI. उक्त पदों हेतु जातिगत आरक्षण केवल ऐसे अभ्यथियों पर लागू होगा, जिनका जाति प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया हो।
VII. सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना दिनांक 19.01.2015 के अनुसार दिव्यांग उम्मीदवारों हेतु क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।
VIII. दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को मेडीकल बोर्ड, जबलपुर द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जिसमें विकलांग प्रतिशत स्पष्ट दर्शाया गया हो, प्रस्तुत करना होगा।

| | |
|---|---|
| **अस्थि बाधित** | **अस्थि बाधित (45% to 50%) शरीर के निचले हिस्से की विकलांगता मान्य है।** |

1. उक्त पदों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. एफ–9–3/2012/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 22 सितम्बर 2012 के अनुसार रहेगा।
2. उक्त पदों पर आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग (EWS) के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. एफ 7–11/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 02 जुलाई 2019 के अनुसार रहेगा। आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा।

**5. आयुसीमा :–**

| | | |
|---|---|---|
| I. | अनारक्षित वर्ग हेतु | – न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष |
| II. | अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/निःशक्तजन/महिलाओ (अनारक्षित/आरक्षित) आदि हेतु | – न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट) |

**नोट – आयु की गणना 01 जनवरी 2021 के आधार पर की जावेगी एवं अर्हताएं निर्धारण करने के लिए आयु संबंधित गणना म.प्र. शासन के नियमानुसार की जावेगी।**



Scanned with CamScanner

**सामान्य शर्ते :–**

1. उम्मीदवार को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
2. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा आवश्यकतानुसार उक्त पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
3. महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के पद के लिए अहर्ताधारी हो, सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिए स्वंतत्र होगा और ऐसे आवेदन के लिए उसे नियोक्ता से अनापत्ति नहीं लेना होगी।
4. मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्रमांक एफ2–20/2020/1/55 भोपाल, दिनांक 17.11.2020 के अनुसार म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित पैरामेडिकल पाठ्क्रम के उत्तीर्ण उम्मीदवारों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जावेगा।
5. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय/अर्धशासकीय/सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत हैं एवं विज्ञापित पदों हेतु न्यूनतम अहर्ता एवं आयु सीमा संबंधी सभी मापदण्डों को पूर्ण करते हों उन्हें दस्तावेज सत्यापन के दौरान वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) जो आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें म.प्र. शासन के वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करनी होगी।
7. उम्मीदवारों को पूर्ण रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है एवं ज्वॉईनिंग के समय मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा स्वस्थता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
8. **अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में महाविद्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।**
9. चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी विवाद में अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
10. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद होने पर माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ, ग्वालियर के निर्णय अनुसार मान्य होगा।
11. वैवाहिक स्थिति – एक से अधिक विवाह किए गए उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे अगर प्रथम विवाह से विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
12. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शाई अनुसार बंधनकारी होगी।
13. पैरामेडीकल स्टाफ के पद हेतु आवेदन करने के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।

**6. सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र :–**

पैरामेडीकल स्टाफ को न्यूनतम 03 वर्ष की सेवाएँ देने हेतु सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र निष्पादित करना होगा। सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र में निहित शर्तो का पालन न करने पर उसे 01 वर्ष के वेतन/मानदेय के बराबर की राशि इस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया को चुकानी होगी। यह देय राशि संबंधित से भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।

**7. अनहर्ताएँ :–**

निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिए उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा :–

I. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए हों जिनमें फेरबदल किया गया हो।

II. चयन के किसी भी स्तर पर भर्ती हेतु दिए गए किसी भी आवेदन/प्रपत्र/ अनुप्रमाणन/ दस्तावेज में असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो।

III. भर्ती के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो।

IV. आवेदकों को मध्यप्रदेश (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 के नियम के अनुसार नियुक्ति के लिए वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न में से कोई हो :–

V. अ. उम्मीदवार जिसके एक से अधिक पति जीवित हों। इसी प्रकार महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसके पहले से ही एक पत्नि जीवित हो। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

ब. जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं पाए गए।

स. महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोष सिद्ध ठहराया गया हो।



Scanned with CamScanner

द. जिसकी दो से अधिक संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है परंतु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है एवं जुड़वा बच्चों की स्थिति में एक ही संतान की गणना मानी जावेगी।

VI. ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

**8. चयन प्रक्रिया (पैरामेडीकल स्टाफ का वैटेज निम्नानुसार रहेगा) :–**

i. विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर 100 अंक से मेरिट सूची बनाई जायेगी जो कि उनके द्वारा प्राप्त अंको के वेटेज अनुसार पदों को श्रेणी वार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एवं चयन प्रक्रिया की कार्यवाही की जावेगी।

ii. शासकीय संस्था (मेडीकल कॉलेज, शासकीय अस्पताल) में कार्यानुभव को प्रतिवर्ष 01 अंक के अनुसार अधिकतम 10 अंक का अधिभार दिया जाएगा।

iii. विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा पद के लिये आवश्यक शैक्षणिक योग्यता डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण पत्र (उक्त क्रम में )में प्राप्तांक के आधार पर उक्त क्रम में वरीयता सूची तैयार की जाकर चयन किया जावेगा।

iv. चयन प्रक्रिया में सर्वप्रथम डिग्री धारकों को तत्पश्चात् डिप्लोमा धारकों को प्राथमिकता दी जावेगी।

v. प्रवीण्य सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते है तो उम्मीदवारों की जन्मतिथि पर विचार किया जावेगा। अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के ऊपर वरीयता में रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी, जिन्होंने आवेदन किये हुये पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम अहर्ता में अधिक अंक प्राप्त किये है ऐसी स्थिति में जब उपरोक्त दोनों स्थितियां एक से अधिक आवेदक के लिये समान हो तो कक्षा 12 वीं में अधिक अंक प्राप्त अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।

vi. दस्तावेज सत्यापन के दौरान 12 वीं परीक्षा की अंकसूची में शैक्षणिक योग्यतानुसार भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान नहीं होने पर अभ्यार्थी को अयोग्य घोषित किया जावेगा तथा साक्षात्कार की पात्रता नही होगी।

**9. आवेदन संबधित समय तालिका :–**

| क्र. | गतिविधि | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 08/09/2021 |
| 2 | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 18/09/2021 |

**10. आवेदन कैसे करें :–**

- कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानी पूर्वक निर्देशों को पढ़ लेवें।
- आवेदन पत्र शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की वेबसाईट https://www.datiamedicalcollege.com/ पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया, (म.प्र.)



Scanned with CamScanner

# आवेदन का प्रारूप

स्वप्रमाणित फोटो

नोट :– सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जाए।

1 आवेदित पद का नाम ...............................................

2 आवेदक का पूरा नाम ...............................................
(उपनाम सहित)

3 पुरूष/महिला/अन्य ...............................................

4 पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) ...............................................

5 जन्मतिथि ...............................................

6 आयु दिनांक 01.01.2021 के अनुसार वर्ष ............... माह ............... दिन ...............
(सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

7 वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) ...............................................
...............................................

8. स्थायी निवास का पता (पिनकोड सहित) ...............................................
...............................................

9 मोबाईल नम्बर ............................... ई–मेल आई.डी. ...............................................

10 वर्ग : अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/आर्थिक रूप से कमजोर............................. (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)

11 विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि – ...............................................

12 चिकित्सा महाविद्यालय/महाविद्यालय का नाम–...............................................

13 शैक्षणिक योग्यताएँ – (प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांग/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14 जीवित बच्चों का विवरण :–

| स.क्र. | नाम | लिंग | जन्मतिथि (सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Scanned with CamScanner

15 अन्य विशेष योग्यता :– ..............................................................................................

..............................................................................................

16 सेवारत होने की स्थिति में नियोक्ता का प्रमाण पत्र संलग्न करें। ..............................................................

17 निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ–पत्र संलग्न करें।

18 संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची ..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

स्थान ..............................................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर पता सहित –

दिनांक ..............................................

Scanned with CamScanner

# //घोषणा पत्र//

1. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

2. मैं प्रमाणित करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई भी प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner